नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – 11

No. of Printed Pages – 8

# SS-21-Hindi Lit. (D & D)

## हिन्दी साहित्य

### उच्च माध्यमिक (मूक–बधिर) परीक्षा, 2021

**समय : 4¼ घण्टे**

**पूर्णांक : 80**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

OFFICE COPY

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

(2) **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।

(4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

## खण्ड – अ

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $4 \times 4 = 16$

(i) हिन्दी में प्रयोगवाद का प्रारंभ कब से हुआ ? प्रयोगवाद की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए ।

(ii) प्रगतिवाद के प्रमुख कवियों के नाम लिखिए ।

(iii) मुंशी प्रेमचंद के चार उपन्यासों के नाम लिखिए ।

(iv) द्विवेदी युग के किन्हीं चार कवियों के नाम लिखिए ।

(v) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का संक्षिप्त परिचय लिखिए ।

(vi) महादेवी वर्मा के चार काव्य संग्रहों के नाम लिखिए ।

## खण्ड – ब

2. निम्नलिखित बहुविकल्पात्मक प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $2 \times 1 = 2$

OFFICE COPY

(i) कन कन जोरे मन जुरै, खावत निबरै सोय ।

बूँद बूँद तें घट भरै, टपकत रीतो होय

उपर्युक्त काव्य पंक्तियों में अलंकार है

(अ) दृष्टान्त (ब) प्रतीप

(स) व्यतिरेक (द) मानवीकरण

(ii) कब की इकटक डटि रही टटिया अँगुरिन टारि

उपर्युक्त काव्य पंक्ति में कौन सा काव्य दोष है ?

(अ) च्युत संस्कृति दोष (ब) श्रुति कटु दोष

(स) अप्रतीत दोष (द) क्लिष्ट दोष

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **2 × 3 = 6**

(i) प्रसाद गुण की परिभाषा लिखिए ।

(ii) काव्य में ग्राम्य दोष क्या होता है ?

(iii) माधुर्य गुण की विशेषता लिखिए ।

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **2 × 4 = 8**

(i) प्रतीप अलंकार को परिभाषित करते हुए एक उदाहरण लिखिए ।

(ii) विभावना अलंकार की विशेषताएँ लिखिए ।

## खण्ड – स

5. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4 × 2 = 8**

OFFICE COPY

मूरिष संग न कीजिए, लोहा जल न तिराइ ।
कदली सीप भुवंग मुख, एक बूँद तिहूँ भाइ ।।
यहु ऐसा संसार है, जैसा सेंवल फूल ।
दिन दस व्यौहार कौं झूठे रंग न भूलि ।।

(i) उपर्युक्त काव्य पंक्तियों के कवि का नाम लिखिए ।

(ii) 'मूरिष' का अर्थ लिखिए ।

(iii) यह संसार कैसा है ?

(iv) 'दिन दस व्यौहार है, जैसा सेंवल फूल' का आशय लिखिए ।

6. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4 × 2 = 8**

आम्र (रसाल) कदली, दूर्वादल, नारियल, श्रीफल (शरीफा) आदि को मांगल्य कार्यों में प्रमुख स्थान दिया जाता है । आम यहाँ का विशेष मेवा है । इसमें रस भरा रहता है और इसका बौर बसन्त का अग्रदूत है । हमारे यहाँ अश्वत्थ (पीपल) को विशेष महत्ता दी गई है । श्रीमद्भगवदगीता में भगवान की विभूतियों में अश्वत्थ को माना गया है ।

(i) किन–किन फलों को मांगल्य कार्यों में प्रमुख स्थान दिया गया है ?

(ii) यहाँ विशेष मेवा क्या है ?

(iii) बसन्त का अग्रदूत किसे माना जाता है ?

(iv) भगवान की विभूतियों में किसे माना गया है ?

7. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4 × 1½ = 6**

नहीं समझ पाया था मैं उसके महत्त्व को,
बचपन में निज स्वार्थ लोभवश पैसे बोकर ।
रत्न–प्रसविनी है वसुधा अब समझ सका हूँ ।
इसमें सच्ची ममता के दाने बोने हैं
इसमें जन की क्षमता के दाने बोने हैं
इसमें मानवता ममता के दाने बोने हैं ।

(i) कवि बचपन में क्या नहीं समझ पाया था ?

(ii) वसुधा कैसी है ?

(iii) कवि ने लोभवश क्या बोया था ?

(iv) धरती में कैसे दाने बोने की बात कवि ने कही है ?

**अथवा**



OFFICE COPY

पर बंजर धरती में एक न अंकुर फूटा,

बंध्या मिट्टी ने न एक भी पैसा उगला ।

सपने जाने कहाँ मिटे, कब धूल हो गए ।

मैं हताश हो, बाट जोहता रहा दिनों तक,

बाल कल्पना के अपलक पाँवड़े बिछाकर ।

मैं अबोध था, मैंने गलत बीज बोये थे,

ममता को रोपा था तृष्णा को सींचा था ।

(i) धरती में एक भी अंकुर क्यों नहीं फूटा ?

(ii) कवि हताश क्यों हो गया ?

(iii) कवि ने क्या बोया था ?

(iv) कवि ने किसे सींचा था ?

8. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $4 \times 1\frac{1}{2} = 6$

OFFICE COPY

भक्ति–आन्दोलन और तुलसी–काव्य का अन्यतम सामाजिक महत्त्व यह है कि इनमें देश की कोटि कोटि जनता की व्यथा, प्रतिरोध भावना और सुखी जीवन की आकांक्षा व्यक्त हुई है । भारत के नए जागरण का कोई महान कवि भक्ति आन्दोलन और तुलसीदास से पराङ्मुख नहीं रह सकता । वह सांस्कृतिक धारा रवीन्द्रनाथ और निराला के साहित्य में अविच्छिन्न रूप से प्रवाहित हैं ।

(i) तुलसी के काव्य का क्या महत्त्व है ?

(ii) तुलसी के काव्य में कैसी आकांक्षा है ?

(iii) कौन तुलसी के काव्य से पराङ्मुख नहीं हो सकता ?

(iv) रवीन्द्रनाथ और निराला के साहित्य में अविच्छिन्न रूप में क्या प्रवाहित है ?

अथवा

सहसा गुल्ली फिर डण्डे से लगी और इतने जोर से लगी, जैसे बंदूक छूटी हो । इस प्रमाण के सामने अब किसी तरह की धाँधली करने का साहस मुझे इस वक्त भी न हो सका, लेकिन क्यों न एक बार सबको बताने की चेष्टा करुँ ? मेरा हरज ही क्या है ? मान गया तो वाह-वाह, नहीं तो दो-चार हाथ पदना ही तो पड़ेगा । अन्धेरे का बहाना करके जल्दी से गैल छुड़ा लूँगा । फिर कौन दाँव देने आता है ?

(i) गुल्ली डण्डे से लगने की तुलना लेखक ने किससे की ?

(ii) कथानायक का क्या करने का साहस नहीं हुआ ?

(iii) कथानायक क्या करने की चेष्टा करता है ?

(iv) कथानायक किसका बहाना बनाने की बात कह रहा है ?

9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $2 \times 2 = 4$

(i) मुंशी प्रेमचन्द की प्रमुख दो कहानियों के नाम लिखिए ।

(ii) भगवती प्रसाद वाजपेयी का संक्षिप्त परिचय लिखिए ।

OFFICE COPY

खण्ड – द

10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $4 \times 3 = 12$

(i) लेखिका महादेवी वर्मा ने सुभद्रा कुमारी चौहान के व्यक्तित्व की क्या-क्या विशेषताएँ बताई ?

(ii) निर्वासित कहानी किससे सम्बन्धित है ?

(iii) "हमारी पुण्य भूमि और इसका गौरवमय अतीत" पाठ में लेखक ने भारत की क्या-क्या विशेषताएँ बताई हैं ?

(iv) सर जगदीश चंद्र बोस का विज्ञान के क्षेत्र में क्या योगदान है ?

(v) गेहूँ और गुलाब का सन्तुलन क्यों आवश्यक है ?

(vi) यात्रावृत्त क्या होता है ? एक पावन तीर्थ यात्रा पाठ में किस प्रदेश का वर्णन है ?

11. 'निर्वासित' कहानी बाण–बिद्ध क्रौंच–युगल की मौन मूक पीड़ा की मर्मान्तक अभिव्यक्ति है । ऐसा क्यों कहा गया है ? 4

**अथवा**

विश्व मानवता अनुकरणीय कौन है और क्यों स्पष्ट कीजिए ।

OFFICE COPY

---

DO NOT WRITE ANYTHING HERE